अलवर में नवजीवन परविारों की महलिाओं हेतु कौशल प्रशक्षिण बैच का हुआ शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

3 नवंबर, 2022 को राजस्थान के सामाजकि न्याय एवं अधकिारति मंत्री टीकाराम जूली ने राज्य सरकार की 'नवजीवन योजना' के अंतर्गत अलवर ज़िले में महलिाओं हेतु कौशल प्रशक्षिण के प्रथम बैच का शुभारंभ कयिा।

प्रमुख बदिु

- मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि राज्य में परविारों को अवैध शराब के दलदल से मुक्त कर कौशल प्रशक्षिण देकर समाज की मुख्य धारा में लाने हेतु नवजीवन योजना का संचालन राज्य सरकार द्वारा कयिा जा रहा है। अवैध शराब के दलदल से मुक्त हुए परविार के सदस्य वशिषेतौर पर महलिाओं को कौशल प्रशक्षिण प्रदान कर उन्हें स्वरोज़गार हेतु ऋण व नयिोजन का अवसर प्रदान करने की यह सकारात्मक पहल है।
- उन्होंने महलिाओं को परविार की अर्थव्यवस्था की मज़बूत कड़ी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशक्षिण से वे अपने परविार को और अधकि आर्थकि संबल प्रदान कर सकेंगी।
- सामाजकि न्याय एवं अधकिारति वभिाग के सहायक नदिेशक रवकिांत ने बताया कि नवजीवन योजनांतर्गत प्रथम चरण के कौशल प्रशक्षिण बैच में अलवर शहर व अलवर ग्रामीण के नवजीवन परविारों की 75 महलिा प्रतभिागियों को 60 दविसीय सलिाई का प्रशक्षिण स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से दयिा जाएगा।
- इस योजना के तहत प्रत्येक प्रतभिागी को नःिशुल्क टूल कटि उपलब्ध कराई गई है तथा प्रशक्षिण के दौरान स्वरोज़गार हेतु अनुजा नगिम व बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दरों पर ऋण वतिरण भी कराया जाएगा। इसके अलावा इस योजना में शामलि परविारों को पेंशन, पालनहार, कन्यादान, इंदरिा गांधी शहरी क्रेडटि कार्ड योजना व इंदरिा महलिा उद्यम प्रोत्साहन योजना से भी जोड़ा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/skill-training-batch-for-women-of-navjivan-families-launched-in-alwar